प्रादेशिक समाचार
दिनांक–01.03.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में कृषि और ग्रामीण संपन्नता विषय पर पोस्ट बजट वेबिनार को वर्चुअल माध्यम से करेंगे संबोधित, कार्यक्रम से झारखंड के सभी 24 जिले भी जुड़ेंगे।
- डॉक्टर दिनेश कुमार सिंह नीलाम्बर पीताम्बर और डॉक्टर अंजिला गुप्ता कोल्हान विश्वविद्यालय के कुलपति बने, राजभवन ने जारी की नियुक्ति की अधिसूचना।
- पेपर लीक के कारण रद्द हिन्दी और विज्ञान की परीक्षा सात और आठ मार्च को, जैक ने प्रैक्टिकल परीक्षाओं का भी जारी किया शिड्यूल।
- झारखंड विधानसभा में आज से विधायकों के लिए शुरु होगा दो दिवसीय प्रबोधन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश होंगे शामिल।
- आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के बीच मैच बारिश के कारण रद्द, ऑस्ट्रेलिया सेमीफाइनल में पहुंचा।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में वर्चुअल माध्यम से कृषि और ग्रामीण संपन्नता विषय पर एक दिन के पोस्ट बजट वेबिनार को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम में झारखंड के सभी 24 जिलों के हितधारक भी जुड़ेंगे। वेबिनार में कृषि विकास और ग्रामीण संपन्नंता के बारे में विशेष चर्चा होगी।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सूफी परंपरा ने भारत में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उन्होंने नई दिल्ली के सुंदर नर्सरी में आयोजित जहान–ए–खुसरो सूफी संगीत समारोह में कहा कि किसी भी देश की संस्कृति और सभ्यता उसके गीतों और संगीत से समृद्ध होती है। प्रधानमंत्री ने शुरू हो रहे रमजान की पूरे देशवासियों को शुभकामनाएं भी दीं।

*******************

डॉक्टर दिनेश कुमार सिंह को नीलांबर–पीतांबर विश्वविद्यालय मेदिनीनगर और डा.अंजिला गुप्ता को कोल्हान विश्वविद्यालय चाईबासा का कुलपति बनाया गया है। राज्यपाल के निर्देश पर उनके अपर मुख्य सचिव डॉ नितिन मदन कुलकर्णी ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है।

*******************

राज्य में मैट्रिक की हिंदी और विज्ञान की पुनर्परीक्षा की तिथि घोषित कर दी गयी है। झारखंड अधिविध परिषद–जैक द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि हिंदी की परीक्षा सात मार्च को और विज्ञान की परीक्षा आठ मार्च को होगी। प्रश्न पत्र लीक होने के बाद दोनों परीक्षाएं रद्द कर दी गयी थीं।

*******************

सरायकेला–खरसांवा जिले के आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ विश्वविद्यालय में स्वदेशी जागरण मंच की ओर से जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दिल्ली से आये सतीश कुमार ने छात्रों को उद्यमिता के क्षेत्र में रोजगार से जुड़ने का गुर सिखाया।

*******************

एनसीसी निदेशालय बिहार और झारखंड ने अनुबंध के आधार पर एनसीसी में प्रशिक्षक के रूप में पूर्व सैनिक जेसीओ और एनसीओ की भर्ती की घोषणा की है। आवेदन पत्र संबंधी विवरण आधिकारिक वेबसाइट nccdtebj.in पर उपलब्ध हैं।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।
प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

*******************

झारखंड विधानसभा की ओर से आज से विधायकों के लिए दो दिवसीय प्रबोधन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरु किया जा रहा है। विधानसभा सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। वहीं राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश मुख्य अतिथि व संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो करेंगे। इसमें उद्घाटन सत्र के अलावा पांच तकनीकी सत्र होंगे।

*******************

झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी–जेएसएलपीएस रांची की महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनने का मौका दे रहा है।

*******************

संक्षिप्त खबरें

- राजधानी रांची समेत देश के किसी भी हिस्से में कल माह–ए–रमजान मुबारक का चांद नजर नहीं आया। इस कारण अब रोजा कल यानी रविवार से शुरु होगा। आज रात से तरावीह की नमाज शुरु जायेगी।
- रांची के कोतवाली थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर ऋषिकांत को एसीबी की टीम ने पांच हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि वे आर्म्स एक्ट के आरोपी को मदद करने के बदले रिश्वत ले रहे थे।
- जमशेदपुर के जुगसलाई से पुलिस ने ब्राउन शुगर तस्कर अब्दुल हमीद समेत 13 लोगों को गिरफ्तार किया है लगभग 15 लाख रुपये का ब्राउन शुगर भी बरामद किया है।

*******************

झारखंड के मौसम में आज से एक बार फिर बदलाव देखने को मिल सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के मुताबिक आने वाले माह में भीषण गर्मी पड़ने की आशंका है।

*******************

आईसीसी चौंपियन्स ट्रॉफी क्रिकेट में कल लाहौर में ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के बीच मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। दोनों टीमों को एक–एक अंक मिला। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने ग्रुप बी से सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है।

*******************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने झारखंड विधानसभा में पेश की गयी आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर की सुर्खी है–सुखद संकेतः राज्य में बढ़ रही है प्रति व्यक्ति आय, घट रही है बेरोजगारी दर।

हिन्दुस्तान लिखता है–राज्य के पंजीकृत श्रमिकों में एक फीसदी को ही पेंशन की स्वीकृति।

दैनिक भास्कर लिखता है–छह जिलों में मेडिकल कॉलेज, पांच जिलों में सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल खुलेंगे।

दैनिक जागरण के शब्द हैं–राज्य में 10 हजार लोगों पर महज चार डॉक्टर उपलब्ध।

***************